www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-187 सागवाड़ा, सोमवार, 14 मार्च, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)



# सागवाड़ा पंचायत समिति के गांवों में बिना स्वीकृति हो रहे काम

## पाडवा के गेफोरफला में 40 मीटर लंबा चैकडैम बनाया गया, अधिकारियों को खबर ही नही

**सागवाड़ा।** पंचायत समिति सागवाड़ा के पाडवा ग्राम पंचायत में बिना स्वीकृति के ही चैकडैम बनाने का मामला सामने आने के बाद भी इस संबंध में कोई कार्रवाई नही हुई है। सागवाड़ा पंचायत समिति के पाडवा ग्राम पंचायत के गेफोरफला क्षेत्र में 40 मीटर लंबा चैकडैम बनाया गया है। इसके निर्माण को लेकर किसी के पास कोई जानकारी नही है। ये चैकडैमै 40 मीटर लंबा और 1 मीटर चौड़ा है। 5 मीटर इसकी ऊंचाई है।

करीब 20 लाख रुपये की लागत बताई जा रही है। किसी भी काम की स्वीकृति निकलने के बाद उसे सचिव और जेटीए की निगरानी में बनाया जाता है उसमें स्थानीय श्रमिकों की सहयता से बनाया जाता है लेकिन इस कार्य की तो स्वीकृति तक नही है। इससे पंचायत और संबंधित अधिकारी भी अनभिज्ञता जता रहे है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बाहर की लेबर आई थी जिसने कुछ दिनों में यह चैकडैम बना दिया। इस संबंध में सागवाड़ा के विकास अधिकारी सुनिल शाह ने बताया कि पाड़वा में पक्के चैकडैम को लेकर कोई स्वीकृति जारी नही की है।

## भाजपा ने धर्म के नाम पर जीता चुनाव, राहुल ले रहे मोदी से टक्करः गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने यूपी में भाजपा गठबंधन को भारी बहुमत से मिली जीत पर कहा कि मैं इसे जीत नहीं मानता। ये लोग धर्म के नाम पर चुनाव जीते हैं। मैं इस जीत को नहीं मानता हूं। साथ ही कहा कि देश में सिर्फ एक आदमी है, जो पीएम मोदी से लड़ रहे हैं, वो हैं राहुल गांधी। इस दौरान सीएम गहलोत ने कहा कि घबराने की बात नहीं है। चुनाव जीतना एक अलग बात है। ये उतार-चढ़ाव हमने पहले भी देखें है। हम इस बात पर अडिग हैं कि जनता ही हमारा मुद्दा है।आज देश चिंतित है, साथ ही देश की जनता चाहती है कि कांग्रेस को और ज्यादा मजबूत होना चाहिए ताकि इन फासिस्ट ताकतों से लड़ा जा सके। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि मैं भाजपा की जीत को जीत नहीं मानता हूं। ये पार्टी जो कुछ टारगेट करती है उसमें कोई दम नहीं है। साथ ही कहा कि कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने जो किया है, उसका असर उत्तर प्रदेश में आने वाले दिनों में जरूर दिखेगा। अशोक गहलोत ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी से लड़ने का दम सिर्फ राहुल गांधी में है। वही एक इकलौता आदमी हैं। जो मोदी जी से लड़ रहे हैं। गहलोत ने कहा कि हकीकत ये है कि सभी एजेंसी अब दबाव में काम करती हैं। इनका काम आग लगाने का है, न कि आग बुझाने का। बता दें कि इससे पहले सीएम गहलोत ने उत्तर प्रदेश में भाजपा की जीत के लिए मीडिया को जिम्मेदार ठहराया था।

# 13 सूत्रीय मांगों को लेकर आन्दोलन की राह पर सरपंच

## जिलेभर में पंचायतो पर सरपंचों ने की तालेबंदी, कामकाज रहे ठप

**डूंगरपुर।** जिला सरपंच संघ सरपंचो की 13 सूत्रीय मांगो को लेकर आन्दोलन की राह पर चल पड़ा है। जिसके तहत सरपंच संघ की ओर से आज जिले की सभी पंचायतो पर तालेबंदी की गई। सरपंचों ने पंचायतों पर तालेबंदी करते हुए प्रदर्शन किया। इधर तालेबंदी के चलते पंचायतों में कामकाज ठप रहा। वही आंदोलन की अगली कड़ी में 22 मार्च को जयपुर में विधानसभा का घेराव किया जाएगा। डूंगरपुर जिले के सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष लीलाराम वरहात ने बताया की जिलेभर के सरपंच अपनी 13 सूत्रीय मांगो को पूरा करने की सरकार से लम्बे समय से मांग कर रहे है। लेकिन सरकार की ओर से उनकी मांगो पर सुनवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने बताया की सरकार की ओर से समय पर बजट नहीं मिलने से पंचायतो में विकास काम ठप पड़ गए है जनता परेशान है। उन्होंने कहा की सरकार की ओर से ग्राम पंचायतो के विकास के लिए छठे राज्य वित्त आयोग की वित्तीय वर्ष 2021-22 की 3 हजार करोड़ रुपए व 15 वे वित्त आयोग की द्वितीय किश्त 1500 करोड़ रुपए जारी नहीं है जिसके चलते पंचायतो में विकास कार्य अटके पड़े है। वही सरपंच संघ के अध्यक्ष लीलाराम वरहात ने बताया की इसके अलावा भी कई मांगे जो आज तक पूरी नहीं हुई है। जिसमे सरपंचो का मानदेय 4 हजार से 15 हजार करने, वार्ड पंचो, पंचायत समिति सदस्य व जिला परिषद सदस्य का भत्ता बढाने, नरेगा में मेट, कारीगर व सामग्री का भुगतान करने, मनरेगा में श्रमिको के कार्य दिवस 100 से बढाकर 200 दिन करने, ग्राम पंचायतो के विकास की राशि में से पंचायत सहायको, कोविड हेल्थ सहायक, सुरक्षा गार्डो का मानदेय के भुगतान के प्रावधान को निरस्त कर मानदेय के लिए अलग से बजट पंचायतो को देने सहित अन्य मांगे शामिल है। अध्यक्ष लीलाराम वरहात ने बताया की सरपंच संघ इन मांगो के लिए लम्बे समय से सरकार का ध्यान आकर्षित कर रहा है लेकिन सरकार का रुख अभी सकारात्मक नहीं दिखा है। ऐसे में डूंगरपुर सरपंच संघ अब आन्दोलन करने को मजबूर है। उन्होंने बताया की अपने आन्दोलन की कड़ी में आज

जिले की सभी 352 पंचायतों पर सरपंचों की ओर से तालेबंदी की गई और मांगो को लेकर प्रदर्शन किया गया। सरपंचों ने सरकार से मांगो को जल्द पुरा करने की मांग की है। वही मांगे नही माने जाने पर आंदोलन की अगली कड़ी में 22 मार्च को जयपुर में डूंगरपुर सहित प्रदेशभर के सरपंच एकत्रित होंगे और विधानसभा का घेराव करेंगे।

## बिना हेलमेट वाली बाईक जब्त, हेलमेट लाने पर ही होगी छूटेगी

# होली पर एक्सीडेंट रोकने पुलिस की सख्ती

**डूंगरपुर।** होली नजदीक आने के साथ ही बढ़ रही एक्सीडेंट की घटनाओं को रोकने अब पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। पुलिस ने शहर से लेकर गावों तक मुख्य सड़को पर नाकेबंदी कर बिना हेलमेट वाले बाइक चालको के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

एसपी सुधीर जोशी ने बताया की जिले में एक्सीडेंट की घटनाओं को रोकने सख्त कदम उठाएं जा रहे है। इस बार बाइक चालको के चालान नहीं बनाकर हेलमेट पहनने की कार्रवाई की जा रही है, ताकि एक्सीडेंट के बावजूद हेलमेट पहना होने से जान बचाई जा सकें। सदर थानानाधिकारी हजारीलाल के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने रेलवे पुलिया के पास नाकेबंदी कर कार्रवाई शुरू कर दी। इस दौरान बिना हेलमेट वाले सभी बाइक चालको की बाईक रुकवा दी। हेलमेट नहीं होने पर पुलिस ने उनके चालान नहीं बनाकर बाइक जब्त कर ली। वहीं हेलमेट लेकर आने के बाद ही बाइक छोड़ने की हिदायत दी।

थानाधिकारी ने बताया की होली तक बाइक चालको के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। पावर बाइक के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। उनके कागजात देखे जा रहे है। जिन वाहनों के कागज नहीं है, उनके खिलाफ जुर्माना की कार्रवाई की जा रही है। वही कार और दूसरे वाहनों के खिलाफ भी चालान और जुर्माना वसूला जा रहा है। थानाधिकारी ने बताया की इस अभियान से एक्सीडेंट की संख्या में कमी आएगी। वहीं वाहन चालकों को नियमों की पालना करवाने की अपील भी की जा रही है।

# बाईक ओर कार की भिड़ंत में बाइक सवार दो गंभीर घायल



**सागवाड़ा।** डूंगरपुर जिले के वरदा थाना क्षेत्र में बाईक ओर कार की भिड़ंत में बाइक सवार दो लोग गंभीर घायल हो गये । पुलिस के अनुसार गोवाड़ी निवासी मोहन पुत्र भगु रोत और कल्याणपुर निवासी लक्की पुत्र जगन्नाथ सरपोटा बाइक पर सवार होकर डूँगरपुर की ओर जा रहे थे तभी धाणी उपली के पास डूँगरपुर से आ रही कार से टक्कर होगी । जिससे बाइक सवार दोनो लोग गंभीर घायल हो गये । घटना की जानकारी मिलते है वरदा पुलिस मौके पर पहुँची ओर घायलों को सागवाड़ा चिकित्सालय में भर्ती करवाया है । वही घायलों का उपचार जारी है । पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

## होली पर राजस्थान में नई कोरोना गाइडलाइन संभव

## गहलोत बोले- चीन में फिर तेजी से फैल रहा कोविड, महामारी की 3 लहरों से सबक ले केंद्र

**जयपुर।** होली पर राजस्थान में कोरोना की नई गाइडलाइन आ सकती है। ऐसे संकेत सीएम गहलोत के ट्वीट से मिल रहे हैं। अपने ताजा ट्वीट में सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि चीन में कोरोना के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। जब दुनियाभर में कोविड के मामले कम हुए हैं, तब चीन में कोविड केस बढ़ना चिंताजनक है। 2 साल पहले कोरोना वायरस की शुरुआत भी चीन से हुई थी। केंद्र सरकार को चीन के हालातों को देखकर वहां से आने-जाने वालों को लेकर कंट्रोल करने पर विचार करना चाहिए। पहले आई कोविड की 3 लहरों से सबक लेकर कोई लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। ऐसे में माना जा रहा है कि होली पर भीड़भाड़ को देखते हुए गहलोत सरकार कोविड प्रोटोकॉल की नई गाइडलाइन जारी कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक गहलोत ने राजस्थान में भी कोरोना के मामलों को लेकर मेडिकल एंड हेल्थ डिपार्टमेंट के अफसरों और सीनियर डॉक्टर्स, स्पेशलिस्ट से फीडबैक लिया है। कलेक्टर्स, डिवीजनल कमिश्नर्स, होम डिपार्टमेंट के अफसरों से भी कोरोना की स्थिति और प्रोटोकॉल की पालना पर चर्चा की जा रही है। चीन के नेशनल हेल्थ कमीशन के मुताबिक संडे को वहां कोरोना के 3122 नए पॉजिटिव केस मिले हैं। शनिवार को 1524 केस रिकॉर्ड हुए हैं। चीन में कोरोना के बढ़ते मामलों के बाद प्रशासन ने सख्ती बरतना शुरू कर दिया है। लोगों से फेस मास्क लगाने और बार-बार हाथों को धोने की अपील की गई है।

## हलवाई के गोदाम से पकड़े घरेलू गैस के 17 सिलेंडर

**डूंगरपुर।** कोतवाली पुलिस ने हलवाई के गोदाम से रसोई गैस के 17 सिलेंडर जब्त किए है। पुलिस ने सभी सिलेंडर थाने पर रखवाए हैं। पुलिस ने पकड़े गए इन गैस सिलेंडर के बारे में रसद विभाग को सूचना दे दी है। रसद विभाग ने हलवाई से गैस सिलेंडर कागजात मांगे है। रसद इंस्पेक्टर की ओर से कागजों की जांच की जाएगी। इसके बाद ही मामले में आगे की करवाई की जाएगी। कोतवाली थाने के एएसआई देवेंद्र सिंह ने बताया कि मुखबिर के जरिए सूचना मिली की एक हलवाई के गोदाम में घरेलू रसोई गैस की टंकिया रखी हुई है। इस पर पुलिस की टीम हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित अनिल हलवाई के गोदाम पर पहुंची और कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने गोदाम की तलाशी ली, जिस पर गोदाम से 17 रसोई गैस के सिलेंडर मिले हैं। पुलिस टीम गैस सिलेंडर को जब्त कर कोतवाली थाने ले गए। पुलिस सिलेंडर में गैस का नाप तोल कर रही है।

# जायरीनों के जत्थे का खड़गदा में स्वागत किया



**सागवाड़ा।** गुजरात महाराष्ट्र एवं मध्य प्रदेश राज्य के बोहरा समुदाय के जायरीनों के जत्थे का खड़गदा में स्वागत किया।

महिला महाविद्यालय के निदेशक दीपेन भट्ट ने बताया कि बोहरा जायरीनों का एक जत्था सागवाड़ा से गलियाकोट दरगाह जियारत के लिए पैदल जा रहा था जिनका महिला महाविद्यालय एवं क्षेत्रपाल मंदिर प्रबंध समिति के संयुक्त तत्वावधान में मंदिर के पास ही जलपान की व्यवस्था की गई। इस तरह की व्यवस्था देख बोहरा जायरीन अभिभूत हो उठे। राम कथा मर्मज्ञ कमलेश भाई शास्त्री भी वहां पर मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से आपसी सौहाद्र बनता है।

सभी ने भारत माता की जय तथा वंदे मातरम का जयघोष किया। जायरीनों ने भी जोश के साथ जय घोष किया।

## 15-16 मार्च को बारां आयेगी वसुंधरा राजे

**बारां।** मुख्यमंत्री रही वसुंधरा राजे 15 और 16 मार्च को बारां जिले के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वे कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगी। राजे के दौरे को लेकर भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हैं। बीजेपी जिलाध्यक्ष जगदीश मीणा ने बताया की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के दौरे को लेकर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि राजे दो दिवसीय दौरे के पहले दिन 15 मार्च को बारां-अटरू विधानसभा क्षेत्र का दौरा करेंगी। इसके अगले दिन 16 मार्च को किशनगज- शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र का दौरा करेंगी। राजे इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं, व्यापारियों, समाज के प्रबुद्ध और अन्य वर्गों के साथ चर्चा करेंगी।

# नव वर्ष स्वागत को लेकर सर्व समाज और सर्व संगठन की बैठक हुई



**सागवाड़ा।** भारतीय भारतीय नव वर्ष अभिनंदन समिति द्वारा नव वर्ष स्वागत के संबंध में सर्व समाज, सर्व संगठन की बैठक हुई। भारतीय नव वर्ष चैत्र शुक्ला एकम प्रतिपदा जो 2 अप्रैल को सर्व हिंदू समाज की ओर से मनाया जाएगा। इसे लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भारत विकास परिषद, विश्व हिंदू परिषद, विद्या भारती, सेवा भारती, अधिवक्ता परिषद, दुर्गा वाहिनी, सेविका समिति, किसान संघ, आरोग्य भारती जैसे सभी सम वैचारिक संगठनों के पदाधिकारियों सभी समाज के अध्यक्ष एवं प्रबुद्धजने बैठक में भाग लिया। नव वर्ष अभिनंदन समिति के अध्यक्ष हरीश सोमपुरा, जिला कार्यवाह विष्णु बुनकर, समिति के संरक्षक जीवन लाल पाटीदार, जयंतीलाल मोची, दिनेश शर्मा एवं सागवाड़ा नगर संघचालक उमाकांत व्यास के सानिध्य में हुई। जिसमें वक्ताओं ने चैत्र प्रतिपदा पर दीपदान करना, देवा लयों में शंखनाद करना, मंदिरों पर नए ध्वजा चढ़ाना, महापुरुषों की झांकी शोभायात्रा निकालना, भजन मंडली करना, तिरंगा यात्रा , गणपति मंदिर मांडवी चौक पर महाआरती जैसे कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में विभिन्न समाजों की मातृ शक्तियों प्रमुख रूप से नेमा समाज ,भावसार समाज,सोमपुरा समाज, जनजाति समाज की बहनों ने भाग लिया। जिला प्रमुख सूर्या अहारी ने भी अपने विचार प्रकट किए।

कार्यक्रम में गलियाकोट प्रधान जय प्रकाश पारगी ,कांतिलाल डामोर, कन्हैया लाल भाटिया पंकज शाह ,नरेंद्र भगत, प्रद्युम्न शाह ,मोहनलाल भगोरा, शंकरलाल डेचा,भारत विकास परिषद के प्रांतीय सचिव गिरीश सोमपुरा ,किसान संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश पाटीदार, पार्षद मंगलेश वाडेल, सेविका समिति से तृप्ति भावसार , तृप्ति पाठक कामिनी सोमपुरा, कमलेश्वरी गुप्ता सहित कई गणमान्य नागरिक ,विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि ,विविध संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

आभार श्याम भट्ट ने व अतिथि परिचय अनुराग पाठक ने करवाया।

# मेरी कलम से अगर किसी का भला हो सकता है तो मैं जरूर करूंगा :गहलोत



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि मेरी कलम से अगर किसी का भला हो सकता है तो मैं जरूर करूंगा। इस वर्ष के बजट में हमने हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रावधान किए हैं। लोगों को इलाज के खर्च से चिंतामुक्त करने के लिए मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में बीमा कवर 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रूपये कर दिया है। 5 लाख के दुर्घटना बीमा कवर की भी घोषणा की गई है। किसानों के लिए वर्ष 2012 तक के कृषि कनेक्शनों की पेंडेंसी खत्म करने का निर्णय किया है। घरेलू बिजली बिलों में अनुदान, राज्य कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने सहित कई निर्णय बजट में किए गए हैं। गहलोत सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर बजट घोषणाओं के लिए आभार व्यक्त करने राजस्थान समाज कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष मीनाक्षी चंद्रावत के नेतृत्व में आए अखिल राजस्थान पुजारी महासंघ के प्रतिनिधि मंडल को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी का आह्वान किया कि बजट घोषणाओं एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ गांव-गरीब तक पहुंचे, इसके लिए सभी अपनी भागीदारी निभाएं। अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन में प्रदेशभर में 60 हजार करोड़ रूपए खर्च कर हर घर में नल और हर घर में जल पहुंचाया जाएगा।